KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

Polity BPSC –2023 By : Karan Sir

बिहार की शासन व्यवस्था

विधायिका

- राज्य की विधायिका का नाम विधानमंडल है। संविधान के अनुच्छेद- 168 के अनुसार प्रत्येक राज्य में एक विधानमंडल का गठन किया गया है, जो राज्यपाल, विधानसभा एवं विधान परिषद् (यदि विधान परिषद् हो तो) से मिलकर बनता है। बिहार राज्य में द्विसदनीय विधायिका है।
  1. विधानसभा (निम्न सदन)
  2. विधान परिषद् (उच्च सदन)

प्रावधान

- अनुच्छेद- 170, अधिकतम सदस्य- 500, न्यूनतम सदस्य- 60
- सदस्य आयु - 25 वर्ष
- विधान सभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र - उपाध्यक्ष को
- कोरम - कुल सदस्यों का 1/10 या 10 सदस्य जो भी ज्यादा हो।

बिहार विधानसभा - वर्तमान संरचना	
कुल सदस्य संख्या	243 (आरक्षित 40)
अनुसूचित जाति (आरक्षित सीटें)	38
अनुसूचित जनजाति (आरक्षित सीटें)	2 (कटोरिया व मनिहारी)
प्रथम नेता प्रतिपक्ष	एस.के.बाग
वर्तमान नेता प्रतिपक्ष	विजय कुमार सिन्हा

बिहार विधानसभा - वर्तमान संरचना	
प्रथम विधानसभा अध्यक्ष (स्वतंत्रता के पूर्व)	रामदयालु सिंह
प्रथम विधानसभा अध्यक्ष (स्वतंत्रता के बाद)	श्री बिन्धयेश्वरी प्रसाद वर्मा
वर्तमान अध्यक्ष	अवध बिहारी चौधरी
वर्तमान उपाध्यक्ष	महेश्वर हजारी

बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्षों की सूची		
1.	श्री रामदयालु सिंह	23.07.1937 से 11.11.1944
2.	श्री बिन्धयेश्वरी प्रसाद वर्मा	25.04.1946 से 14.03.1962
3.	श्री लक्ष्मी नारायण सुधांशु	15.03.1962 से 15.03.1967
4.	श्री धनिकलाल मंडल	16.03.1967 से 10.03.1969
5.	श्री राम नारायण मंडल	11.03.1969 से 20.03.1972
6.	श्री हरिनाथ मिश्र	21.03.1972 से 26.06.1977
7.	श्री त्रिपुरारी प्रसाद सिंह	18.06.1977 से 22.06.1980
8.	श्री राधानंदन झा	24.06.1980 से 01.04.1985
9.	श्री शिवचंद्र झा	04.04.1985 से 23.01.1989
10.	श्री मोहम्मद हिदायतुल्ला खां	27.03.1989 से 19.03.1990
11.	श्री गुलाम सरवर	20.03.1990 से 09.04.1995
12.	श्री देव नारायण यादव	12.04.1995 से 06.03.2000
13.	श्री सदानंद सिंह	09.03.2000 से 28.06.2005
14.	श्री उदय नारायण चौधरी	30.11.2005 से 29.11.2010, 02.12.2010 से 28.11.2015
15.	श्री विजय कुमार चौधरी	02.12.2015 से 15.11.2020
16.	श्री विजय कुमार सिन्हा	25.11.2020 से 24.08.2022
17.	अवध बिहारी चौधरी	26.08.2022 से अबतक

बिहार विधान सभा की दलगत स्थिति

(14 जुलाई 2022)

☛ 14 जुलाई 2022 की स्थिति के अनुसार, वर्तमान में बिहार विधानसभा के सदस्यों की स्थिति इस प्रकार है-

राष्ट्रीय जनता दल	79
भारतीय जनता पार्टी	77
जनता दल (यूनाइटेड)	45
इंडियन नेशनल कांग्रेस	19
कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन)	12
हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर)	4
कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट)	2
कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया	2
निर्दलीय	1
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन	1

☛ **एंग्लो-इंडियन हेतु आरक्षण समाप्त**- 104वें संविधान संशोधन के द्वारा झारखंड सहित 13 राज्य विधान सभाओं एवं लोकसभा में एंग्लो-इंडियन समुदाय हेतु आरक्षित सीटों के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया। यह नियम 25 जनवरी 2020 से लागू है।

☛ **बिहार विधानसभा भवन शताब्दी समारोह**- बिहार विधानसभा की स्थापना 1921 ई. में पटना में हुई। इसके एक सौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर एक वर्ष तक चलने वाले शताब्दी समारोह को उद्घाटन वर्ष 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद ने किया था। इसके समापन समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 12 जुलाई 2022 को बिहार विधानसभा पधारे। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा परिसर में 'शताब्दी स्मृति स्तंभ' का अनावरण भी किया। बिहार विधानसभा परिसर में आने वाले श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं।

विधान परिषद्

☛ बिहार-उड़ीसा विधान परिषद् का गठन 7 फरवरी 1921 को किया गया। बिहार के लिए अलग विधान परिषद् का गठन वर्ष 1936 में किया गया।

☛ **स्थापना/समाप्ति**- अनुच्छेद- 169, राज्य विधानसभा के तत्संबंधी संकल्प पारित कर संसद द्वारा स्थापना।

☛ **नोट**- वर्तमान में 6 राज्यों में विधान परिषदें- बिहार, यूपी, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना;

☛ **संरचना**- अनुच्छेद 171, संख्या- विधानसभा सदस्यों की संख्या के एक तिहाई से ज्यादा नहीं तथा 40 से कम नहीं;

☛ **सदस्य**- एक तिहाई विधानसभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित।

☛ एक तिहाई स्थानीय निकायों द्वारा 1/12 भाग।

☛ स्नातक निर्वाचकों द्वारा, 1/12 भाग।

☛ माध्यमिक, निर्वाचकों द्वारा, लगभग 1/6 भाग।

☛ राज्यपाल द्वारा मनोनीत एवं कला, साहित्य, विज्ञान, सहकारी आंदोलन समाज सेवा आदि क्षेत्र से।

बिहार विधानसभा - वर्तमान संरचना	
कुल सदस्यों की संख्या	75
निर्वाचित सदस्यों की संख्या	63

बिहार विधानपरिषद् - वर्तमान संरचना	
मनोनीत सदस्यों की संख्या	12
महिला सदस्यों की संख्या	7
विधान परिषद् की पहली बैठक	20 जनवरी 1913
स्वतंत्र भारत में पहली बैठक	16 फरवरी 1950
वर्तमान नेता विपक्ष	सम्राट चौधरी

प्रथम सभापति (बिहार एवं उड़ीसा)	सर वाल्टन मोड़े (1921)
प्रथम सभापति (स्वतंत्रता के पूर्व बिहार)	राजीव रंजन प्रसाद सिंह (1937-1948)
प्रथम सभापति (स्वतंत्रता के पश्चात् बिहार)	श्यामा प्रसाद सिंह (1948-1952)
प्रथम महिला सभापति	राजेश्वरी सरोज दास
वर्तमान सभापति	देवेश चंद्र ठाकुर

●●●

राज्यपाल की भूमिका

- भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत बिहार-उड़ीसा संयुक्त प्रांत के प्रथम राज्यपाल लॉर्ड सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा हुए।
- स्वतंत्रता पूर्व बिहार के प्रथम राज्यपाल सर जेम्स डेविड सिफ्टन हुए।
- स्वतंत्रता पश्चात् बिहार के प्रथम राज्यपाल जयराम दास दौलतराम थे।
- बिहार के प्रथम कार्यवाहक राज्यपाल उज्जवल नारायण सिन्हा थे।
- जाकिर हुसैन एवं रामनाथ कोविन्द बिहार के ऐसे दो राज्यपाल रहे, जो आगे चलकर भारत के राष्ट्रपति भी बने।

बिहार में राष्ट्रपति शासन

क्र.सं.	समय	मुख्यमंत्री	राज्यपाल
1.	29 जून 1968 से 26 फरवरी 1969	भोला पासवान शास्त्री	नित्यानंद कानूनगो
2.	4 जुलाई 1969 से 16 फरवरी 1970	भोला पासवान शास्त्री	नित्यानंद कानूनगो
3.	9 जनवरी 1972 से 19 मार्च 1972	भोला पासवान शास्त्री	देवकांत बरूआ
4.	30 अप्रैल 1977 से 24 जून 1977	जगन्नाथ मिश्र	जगन्नाथ कौशल
5.	17 फरवरी 1980 से 8 जून 1980	राम सुन्दर दास	ए.आर. किदवई
6.	31 मार्च 1995 से 4 अप्रैल 1995	लालू प्रसाद यादव	ए.आर.किदवई
7.	12 फरवरी 1999 से 8 मार्च 1999	श्रीमति राबड़ी देवी	सुन्दर सिंह भंडारी
8.	7 मार्च 2005 से 24 नवंबर 2005	श्रीमती राबड़ी देवी	श्री बूटा सिंह

- बिहार में अबतक कुल 8 बार राष्ट्रपति शासन लागु हो चुका है।
- बिहार में पहली बार राष्ट्रपति शासन 1968-69 (29 जून 1968 से 26 फरवरी 1969 तक) में कुल 242 दिनों के लिए लगा था।
- बिहार में पहला राष्ट्रपति शासन के समय राज्यपाल नित्यानंद कानूनगो एवं मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री थे।

मुख्यमंत्री और उसकी मंत्रिपरिषद्

बिहार के मुख्यमंत्री

नाम	कार्यकाल
मोहम्मद युनूस	1 अप्रैल 1937 से 19 जुलाई 1937
श्रीकृष्ण सिंह	20 जुलाई 1937 से 31 अक्टूबर 1939
श्रीकृष्ण सिंह	02 अप्रैल 1946 से 31 जनवरी 1961
राष्ट्रपति शासन	7 मार्च 2005 से 24 नवम्बर 2005
नीतीश कुमार	24 नवम्बर 2005 से 26 नवम्बर 2010
नीतीश कुमार	26 नवम्बर 2010 से 20 मई 2014
जीतन राम मांझी	20 मई 2014 से 22 फरवरी 2015
नीतीश कुमार	22 फरवरी 2015 से 19 नवम्बर 2015
नीतीश कुमार	20 नवम्बर 2015 से अब तक

- ब्रिटिश शासन में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री- मोहम्मद युनूस (1937)
- स्वतंत्र बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री- श्रीकृष्ण सिंह
- बिहार के प्रथम हरिजन मुख्यमंत्री- भोला पासवान शास्त्री
- बिहार के प्रथम निर्दलीय मुख्यमंत्री - महामाया प्रसाद सिन्हा
- बिहार के प्रथम मुस्लिम मुख्यमंत्री- अब्दुल गफूर
- बिहार की प्रथम और एकमात्र महिला मुख्यमंत्री- श्रीमती राबड़ी देवी, जो तीन बार पद पर रही।
- बिहार के सर्वाधिक कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री- श्री नीतीश कुमार, व्यक्ति के स्तर पर 25वें तथा क्रम के स्तर पर 39वें,
- एकमात्र जो 8 बार मुख्यमंत्री बना।
- सबसे कम समय के लिए मुख्यमंत्री- सतीश प्रसाद सिंह (4 दिन, 28 जनवरी 1968 से 1 फरवरी 1968, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी)। नीतीश कुमार (8 दिन, 3 मार्च 2000 से 10 मार्च 2000, पहली बार)
- निम्नलिखित मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल के बीच राष्ट्रपति शासन लागू रहा- भोला पासवान शास्त्री (तीन बार), श्रीमती राबड़ी देवी (दो बार), जगन्नाथ मिश्रा, रामसुंदर दास, लालू प्रसाद यादव।

बिहार का वर्तमान मंत्रिमंडल (16 अगस्त 2022 को गठित)	
श्री संतोश कुमार सुमन	अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण
श्री संजय कुमार झा	जल संसाधन, सूचना एवं जन-संपर्क
श्रीमती शीला कुमारी	परिवहन
श्री समीर कुमार महासेठ	उद्योग
श्री चन्द्रशेखर	शिक्षा
श्री सुमित कुमार सिंह	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
श्री सुनील कुमार	मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन
श्रीमती अनिता देवी	पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण

बिहार का वर्तमान मंत्रिमंडल (16 अगस्त 2022 को गठित)	
श्री जितेन्द्र कुमार राय	कला, संस्कृति एवं युवा
श्री जयन्त राज	लघु जल संसाधन
श्री सुधाकर सिंह	कृषि
श्री मो. जमा खान	अल्पसंख्यक कल्याण
श्री मुरारी प्रसाद गौतम	पंचायती राज
श्री शमीम अहमद	विधि
श्री कार्तिक कुमार	गन्ना उद्योग
श्री शाहनवाज	आपदा प्रबंधन
श्री सुरेन्द्र राम	श्रम संसाधन
मोहम्मद इसराईल मंसूरी	सूचना प्रौद्योगिकी

बिहार में न्यायपालिका

पटना उच्च न्यायालय

- पटना उच्च न्यायालय की स्थापना 3 फरवरी 1916 (खंडपीठ कटक) को भारत सरकार अधिनियम, 1909 के अंतर्गत हुई थी। पटना उच्च न्यायालय बिहार राज्य की न्यायिक व्यवस्था के शिखर पर विराजमान है।
- ब्रिटिश भारत में पटना उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति न्यायाधीश सर एडवर्ड मेनार्ड डेस चैम्प्स चैमियर (1916-17) थे।
- स्वतंत्र भारत में पटना उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सर क्लिफॉर्ड मनमोहन अग्रवाल थे।
- वर्तमान में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन हैं।
- उच्च न्यायालय पटना में मुख्य न्यायाधीश सहित 29 न्यायाधीश हैं तथा 14 अतिरिक्त न्यायाधीश हैं।

बिहार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश	
सर एडवर्ड मेनार्ड डेस चैम्प्स चैमियर	1 मार्च 1916 से 30 अक्टूबर 1917
सर आर्थर ट्रेवर हैरिस	10 अक्टूबर 1928 से 19 जनवरी 1943
सर सैयद फजल अली	19 जनवरी 1943 से 14 अक्टूबर 1946
सर क्लिपर्ड मनमोहन अग्रवाल	9 जनवरी 1948 से 24 जनवरी 1950
सर हर्बर्ट रिब्टन मेयरडीथ	25 जनवरी 1950 से 8 अप्रैल 1950
लक्ष्मीकांत झा	8 अप्रैल 1950 से 1 जून 1952

बिहार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश	
अमरेश्वर प्रताप शाही	17 नवम्बर 2018 से 10 नवम्बर 2019
संजय करोल	11 नवम्बर 2019 से 5 फरवरी 2023
के. विनोद चंद्रन	29 मार्च 2023 से अब तक

बिहार सिविल कोर्ट बिल, 2021

- वर्ष 1887 में ब्रिटिश शासन काल में बनाये गए बंगाल, आगरा और असम सिविल कोर्ट एक्ट को 134 वर्षों के बाद बिहार सिविल न्यायालय विधेयक- 2021 में परिवर्तन करने के बाद 18 मार्च 2021 को बिहार विधानसभा द्वारा उसे पारित कर दिया गया। बिहार सरकार द्वारा सिविल कोर्ट के संचालन और प्रबंधन से संबंधित अपना कानून बनाने का ये पहला प्रयास है।
- यह कानून जिला न्यायालय, अपर जिला न्यायालय, सिविल न्यायालय (सीनियर डिविजन) और सिविल न्यायालय (जूनियर डिविजन) राज्य में स्थित सभी चार प्रकार के न्यायालयों पर लागू होगा। उच्च न्यायालय की सहमति से राज्य सरकार समय-समय पर जिला और सिविल जजों की संख्या का निर्धारण कर सकती है।
- इस नये कानून में पाँच लाख रुपये तक के मामले की सुनवाई सिविल न्यायालय (जूनियर डिविजन) कर सकेगा और इससे Åij ₹ 50 लाख तक के सभी मामलों की सुनवाई सिविल न्यायालय (सीनियर डिविजन) में होगी। सभी सिविल न्यायालयों का नियंत्रण जिला स्तरीय न्यायालयों और सभी जिला न्यायालयों का नियंत्रण उच्च न्यायालय के द्वारा होगा।

बिहार में पंचायती राजव्यवस्था का विकास

- वर्ष 1947 में देश को आजादी मिलने के साथ ही बिहार में बिहार ग्राम पंचायत राज अधिनियम का गठन हुआ।
- तदोपरान्त बिहार पंचायत समिति एवं जिला परिषद् अधिनियम, 1961 आया जिसके तहत प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद् का गठन हुआ।
- संविधान के 73वें संशोधन में निहित सत्ता के विकेन्द्रीकरण की मूल भावना को अमल में लाने के उद्देश्य से 'बिहार पंचायत राज अधिनियम, 1993' आया जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था की व्यवस्था की गई।



बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006

- इसके अन्तर्गत निम्नलिखित विशेष प्रावधानों को जोड़कर पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक समुदाय केन्द्रित एवं सशक्त बनाने की कोशिश की गई।
- महिलाओं के लिए सभी स्तरों की सभी कोटियों में एकल पदों सहित सभी पदों पर 50 प्रतिशत का आरक्षण।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को सभी स्तरों एवं पदों पर जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण।
- पिछड़े वर्ग को सभी तीनों स्तरों एवं पदों पर अधिकतम 20 प्रतिशत आरक्षण।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग को सभी स्तरों एवं पदों पर कुल आरक्षण के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

ग्राम पंचायत

- ग्राम पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधियों की एक ऐसी संस्था है, जिसे जनता के आमने-सामने होकर जवाब देना पड़ता है।
- मुखिया, उप मुखिया और सभी वार्ड सदस्यों को मिलाकर ग्राम पंचायत का गठन होता है।
- प्रत्येक पंचायत की अवधि सामान्यत: 5 वर्ष की होती है, जिसकी गणना उसके प्रथम अधिवेशन से की जाती है। पंचायत सदस्य बनने हेतु सामान्यत: न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिये।
- बिहार में प्रत्येक 500 की आबादी पर ग्राम पंचायत के लिए एक सदस्य के प्रत्यक्ष चुनाव का प्रावधान है।
- बिहार में ग्राम पंचायत के मुख्यत: छ: अंग होते हैं, जैसे- ग्राम सभा, कार्यकारिणी समिति, मुखिया, ग्राम रक्षा दल, ग्राम कचहरी, ग्राम सेवक।

ग्राम सभा

- ग्राम सभा को ग्राम पंचायत की विधायिका कहा जाता है। यह पंचायती राज की बुनियादी तथा सबसे बड़ी सभा है, जिसके सदस्य गाँव के सभी मतदाता होते हैं। इसकी सदस्य हेतु प्रत्येक ग्रामीण की आयु कम-से-कम 18 वर्ष होनी चाहिये। यह एक स्थायी सभा है। ग्रामसभा का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
- जिस गांव की जनसंख्या 250 हो वहाँ 'ग्रामसभा' का गठन किया जा सकता है।
- ग्रामसभा का प्रधान मुखिया कहलाता है, जो सदस्यों द्वारा निर्वाचित होता है।
- बिहार में ग्राम सभा की एक वर्ष में चार बैठकें बुलाए जाने का प्रावधान है। प्रत्येक ग्रामसभा में एक निगरानी समिति का गठन होता है, जो स्थानीय प्रशासनिक कार्यों के आकलन एवं देख-रेख का कार्य करती है।

कार्यकारिणी

- ग्रामसभा की कार्यकारिणी का गठन ग्राम प्रधान (मुखिया) की अध्यक्षता में गठित 8 सदस्यीय समिति द्वारा किया जाता है। कार्यकारिणी के 4 सदस्य ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचित होते हैं और 4 को प्रधान मनोनित करता है। 8 सदस्यों में से किसी एक सदस्य को उप-प्रधान (उप-मुखिया) चुना जाता है।

ग्राम रक्षा दल

- गाँव की पुलिस व्यवस्था, गाँव की रक्षा एवं शांति का उत्तरदायित्व, इस दल में सम्मिलित युवक की उम्र 18-30 वर्ष होनी चाहिए।
- इसके प्रमुख दलपति कहलाते हैं तथा इसके नियुक्ति मुखिया के द्वारा होती है।

ग्राम कचहरी

- ग्राम पंचायत के अदालत, प्रमुख-सरपंच।

पंचायत समिति

- इसका गठन प्रखंड स्तर पर होता है।
- प्रत्येक पांच हजार की जनसंख्या पर पंचायत समिति के एक सदस्य के निर्वाचन का प्रावधान है। इन सदस्यों के अलावा उप-प्रखंड के ग्राम पंचायत के मुखिया एवं लोकसभा के सांसद पंचायत समिति के सदस्य होते हैं।

जिला परिषद्

- बिहार पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तर पर जिला परिषद् के गठन का प्रावधान है। पंचायती राज की सबसे ऊपरी संस्था जिला परिषद् है। जिला परिषद् मूलत: ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों का नीति निर्धारण एवं मार्गदर्शन का काम करती है।
- जिले के सभी ग्राम पंचायत तथा पंचायत समितियों के बीच समन्वय बनाए रखने का कार्य जिला परिषद् करती है।
- इस परिषद् के सदस्यों का चयन प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा किया जाता है तथा प्रत्येक पचास हजार की जनसंख्या पर एक सदस्य का चुनाव होता है।

जन प्रतिनिधि	निर्वाचन	त्यागपत्र
मुखिया	प्रत्यक्ष	जिला पंचायती राज पदाधिकारी
उप-मुखिया	अप्रत्यक्ष	जिला पंचायती राज पदाधिकारी
वार्ड सदस्य	प्रत्यक्ष	मुखिया
प्रमुख	अप्रत्यक्ष	अनुमंडल दंडाधिकारी
उप-प्रमुख	अप्रत्यक्ष	प्रमुख
पंचायत समिति सदस्य	प्रत्यक्ष	प्रमुख
जिला परिषद् अध्यक्ष	अप्रत्यक्ष	जिला दंडाधिकारी
जिला परिषद् उपाध्यक्ष	अप्रत्यक्ष	जिला परिषद् अध्यक्ष
जिला परिषद् सदस्य	प्रत्यक्ष	जिला परिषद् अध्यक्ष
सरपंच	प्रत्यक्ष	जिला पंचायती राज पदाधिकारी
उप-सरपंच	अप्रत्यक्ष	जिला पंचायती राज पदाधिकारी
पंच	प्रत्यक्ष	सरपंच

बिहार में पंचायती राज संस्थाएँ

विवरण	संख्या
जिला परिषद	38
जिला पंचायती राज अधिकारी	38
पंचायत समिति	534
प्रखंड पंचायती राज अधिकारी	534
ग्राम पंचायत	8406
ग्राम पंचायत सचिव	8474
ग्राम पंचायत सदस्य	115876
पंचायत समिति सदस्य	11094
जिला परिषद् सदस्य	1160
न्याय मित्र	8463

बिहार पंचायत चुनाव, 2021

- 24 सितम्बर को पहला और 12 दिसम्बर को अंतिम चरण का मतदान हुआ था।
- बिहार में सभी 11 चरणों में 61.13 प्रतिशत मतदान हुआ।
- पंचायत चुनाव के दसवें चरण में सर्वाधिक 65.44 प्रतिशत जबकि सबसे कम दूसरे चरण में 55.02 प्रतिशत मतदान हुआ।
- बिहार का एकमात्र प्रखंड जहां की सभी 8 ग्राम पंचायतों में महिलाएं ही मुखिया बनीं- सरमेरा प्रखंड (नालंदा जिला)।
- 21 वर्ष की अनुष्का बिहार की सबसे कम उम्र की मुखिया बनी, जो शिवहर जिले के कुशहर पंचायत की मुखिया बनी।
- इसा पंचायत चुनाव में रिकॉर्ड 58% महिला उम्मीदवार चुनी गई हैं। यह रिकॉर्ड भारत में प्रथम है।
- बिहार में पंचायत चुनाव (2001, 2006, 2011, 2016, 2021)

बिहार में नगरीय स्वशासन

- सामान्यत: तीन प्रकार की नगरपालिकाओं का होना सुनिश्चित किया गया है- 1. नगर निगम, 2. नगर परिषद्, 3. नगर पंचायत बिहार सरकार ने नगर निगम, नगररिषद् और नगर पंचायत के लिए बिहार नगरपालिका अधिनियम, लागू किया था।
- बिहार में 19 नगर निगम, 49 नगर परिषदें, 81 नगर पंचायतें हैं। बिहार सरकार का नगर विकास एवं आवास विभाग राज्य स्तर पर स्थानीय नगर निकायों के कामकाज का समन्वय करता है।

नगर निगम

- नगर निगम राज्य के उन्हीं नगरों में स्थापित किए गए हैं, जहाँ की जनसंख्या 20 लाख से कम किन्तु 10 लाख से ऊपर हो।
- नगर निगम की संरचना निर्वाचित सदस्यों द्वारा की जाती है। निर्वाचित सदस्य अपने बीच से एक महापौर (मेयर) एवं एक उप-महापौर (डिप्टी मेयर) को चुनतें है। महापौर शहर का प्रथम व्यक्ति है।
- वर्तमान में 'बिहार नगर निगम बिल- 2007' के अनुसार पटना नगर निगम के मेयर का कार्यकाल पाँच वर्षों का है।
- नगरपालिका में समान प्रतिनिधित्व के लिए नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत महिलाओं को 50% आरक्षण दिया गया है।
- बिहार में सर्वप्रथम पटना नगर निगम की स्थापना 15 अगस्त 1952 को पटना म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट, 1951 के तहत हुई थी। पटना नगर निगम का गठन निगम परिषद्, निगम समितियाँ तथा प्रमुख प्रशासकीय पदाधिकारी को मिलाकर हुआ था। पटना नगर निगम का क्षेत्रफल 109.218 वर्ग किमी. है। वर्तमान में पटना नगर निगम में वार्डों की संख्या 75 है। इसका आय का स्रोत विभिन्न प्रकार के कर, शुल्क एवं सरकारी अनुदान हैं।

बिहार के नगर निगम

क्र.सं.	नगर निगम का नाम	जिला
1.	पटना नगर निगम	पटना
2.	बिहार शरीफ नगर निगम	नालंदा
3.	आरा नगर निगम	भोजपुर
4.	गया नगर निगम	गया
5.	भागलपुर नगर निगम	भागलपुर
6.	मुजफ्फरपुर नगर निगम	मुजफ्फरपुर
7.	दरभंगा नगर निगम	दरभंग
8.	मुंगेर नगर निगम	मुंगेर
9.	बेगूसराय नगर निगम	बेगूसराय
10.	पूर्णिया नगर निगम	पूर्णिया
11.	कटिहार नगर निगम	कटिहार
12.	छपरा नगर निगम	सारण
13.	बेतिया नगर निगम	पं. चंपारण
14.	मधुबनी नगर निगम	मधुबनी
15.	मोतिहारी नगर निगम	पूर्वी चंपारण
16.	समस्तीपुर नगर निगम	समस्तीपुर
17.	सासाराम नगर निगम	रोहतास
18.	सीतामढ़ी नगर निगम	सीतामढ़ी
19.	सहरसा नगर निगम	सहरसा

नगर परिषद्

- बिहार में 89 नगर परिषदें हैं।

नगर पंचायत

- बिहार में 154 नगर पंचायतें हैं।

बिहार नगरपालिका निर्वाचन संशोधन नियमावली, 2022

- मेयर, डिप्टी-मेयर, मुख्य पार्षद और उप-मुख्य पार्षद का चुनाव अब सीधे जनता द्वारा किया जाएगा।
- इसके लिए राज्य सरकार ने 'बिहार नगरपालिका निर्वाचन संशोधन नियमावली 2022' के प्रारूप को 18 अप्रैल 2022 को मंजूरी प्रदान कर दी।
- नगर निकायों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन जनता के प्रत्यक्ष निर्वाचन की रीति से कराने के लिए बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 23 और धारा- 25 में संशोधन किया गया है।
- संशोधन का प्रभाव राज्य के 19 नगर निगमों के साथ 263 नगर निकायों पर पड़ेगा।
- नगर निकायों में महापौर वार्ड पार्षदों के बीच से ही चुने जाते थे।
- वार्ड पार्षदों के बहुमत से ही हटाए जाने की व्यवस्था थी, लेकिन अब इन पदों पर बैठे व्यक्ति की मृत्यु, पदत्याग या बर्खास्तगी की स्थिति में बची हुई अवधि के लिए जनता के बीच से निर्वाचित व्यक्ति ही इन पदों को ग्रहण करेंगे।
- वार्ड पार्षद महापौर-उपमहापौर या अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें बहुमत के आधार पर पद से हटा भी नहीं सकेंगे।

बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था

- बिहार राज्य का उदय 1912 ई. में हुआ था। उसके बाद से राज्य में स्वतंत्र प्रशासन व्यवस्था स्थापित की गई।
- 1936 में उड़ीसा और 2000 में झारखंड के विभाजन के बाद वर्तमान बिहार की प्रशासनिक रूपरेखा नई तरह से स्थापित हुई
- वर्तमान में बिहार सचिवालय में 44 विभाग हैं।
- सभी विभागों का कार्य राज्यपाल द्वारा संचालित किया जाता है। मंत्री अपने विभाग का प्रधान होता है।
- मंत्री के लिए एक सरकारी और एक गैर-सरकारी सचिव रखे जाते हैं। मंत्री के अन्य सहायकों में निजी सहायक और टाइपिस्ट शामिल होते हैं।
- सचिव के अलावा, उसके सहायकों में विशेष सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव, अपर सचिव और निबंधक होते हैं।
- विभागों में पद वृद्धि वित्त विभाग की सहमति से होती है।
- राज्य में सभी विभागों के कार्यों का अध्ययन और निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय होता है।
- सचिवालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रमुख बनाया जाता है। सचिवालय के अधीनस्थ सहायक उप सचिव, अपर सचिव और अन्य सचिव होते हैं।
- मुख्य सचिव को लोक सेवाओं का अध्यक्ष कहा जाता है।
- मुख्य सचिव सभी विभागों के बीच सहयोग और समन्वय सुनिश्चित करने का केंद्रबिंदु होता है।.
- मंत्रिपरिषद् का मुख्य सलाहकार होने के साथ-साथ मुख्य सचिव सरकारी तंत्र का भी प्रधान होता है।
- मुख्य सचिव अन्य विभागों के सचिवों की संलेख सूचियाँ मुख्यमंत्री को पेश करता है।
- जनसंपर्क अधिकारी की प्रमुख भूमिका में मुख्य सचिव, केंद्र व अन्य राज्यों की सरकारों के साथ अपने राज्य की सरकार की वार्ता का सेतु बनता है। बिहार में वर्तमान में कुल 38 जिले हैं और हर जिले में जिलाधिकारी प्रशासन का प्रमुख होता है।
- जिलाधिकारी की जिम्मेदारी कई पदरूपों में होती है, जैसे वह जिले के विकास के लिए योजनाएं बनाते हैं, और संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जलसंरचना जैसे- क्षेत्रों में कार्य को नियंत्रित करते हैं।
- राज्य में सरकारी नीतियों, नियमों और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करने के लिए प्रशासन को पांच स्तरों पर वर्गीकृत किया गया है।
- पांच स्तरों पर वर्गीकृत प्रशासनिक व्यवस्था में प्रमंडलीय प्रशासन, जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन, प्रखंड स्तरीय प्रशासन और ग्राम पंचायत स्तरीय प्रशासन शामिल हैं।
- प्रमंडलीय प्रशासन सबसे ऊपरी स्तर होता है, जो कुछ जिलों को एक साथ शामिल करता है।
- जिला प्रशासन द्वारा एक जिले को संचालित किया जाता है और जिलाधिकारी इसका प्रमुख होता है।
- अनुमंडल प्रशासन एक छोटा एवं प्रभावशाली प्रशासन होता है, जिसका प्रमुख अनुमंडल (एस. डी. एम.) होता है।

सचिवालय के मुख्य कार्य

- मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् को सचिवीय सहायता देना ।
- वांछित सूचनाओं को राज्यपाल और मुख्यमंत्री से प्राप्त कर, उन्हें अधिकृत रूप से अग्रसारित करना ।
- विभागीय नीतियों के प्रस्ताव और क्रियान्वयन में परामर्श देना ।
- अत्यंत आवश्यक अध्यादेशों का प्रारूप तैयार करना
- राज्यपाल के संदेशों और अभिभाषणों को तैयार करना ।
- विभागीय मंत्रियों के प्रस्तावों पर निर्णय संबंधी कार्रवाई करना ।
- वित्त विभाग के परामर्श से विभागीय बजट तैयार करना ।
- वित्त संकट के समय आनेवाले सुझावों एवं समाधानों पर परामर्श देना।
- वेतन, नियुक्ति और पदोन्नति के नियम बनाना। स्थानांतरण एवं पदस्थापन आदि के बारे में कार्रवाई करना ।
- विभागीय क्रिया-कलापों की वार्षिक रिपोर्ट बनाना आदि।

मुख्य सचिव

- मुख्य सचिव सचिवालय का अध्यक्ष होता है, और सभी विभागों को नियंत्रित करता है।
- मुख्य सचिव प्रशासन व्यवस्था का नेतृत्व करता है।
- मुख्य सचिव मुख्यमंत्री का प्रमुख सलाहकार होता है।
- मुख्य सचिव मंत्रिमंडल का सद्स्य भी होता है। वह मंत्रिमंडल की बैठकों के लिए तैयारी करता है, उन्हें संचालित करता है, और इनकी सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड रखता है।
- मुख्य सचिव समस्त विभागों की जांच और नियंत्रण की जिम्मेदारी उठाता है।
- राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों पर मुख्य सचिव का नियंत्रण होता है।

मुख्य सचिव के प्रमुख कार्य

- वह मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार होते हैं, जो उनके द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर विस्तृत प्रशासनिक टिप्पणियाँ तैयार करते हैं, और उन्हें एक सुगठित कार्य योजना में समन्वित करते हैं।
- मुख्य सचिव मंत्रिमंडल के सचिव होते हैं, इसलिए वह मंत्रिमंडल की बैठकों की कार्यसूची तैयार करते हैं।
- वह बैठकों का आयोजन करता हैं, बैठकों का रिकॉर्ड रखता हैं, मंत्रिमंडल के निर्णयों को लागू करता हैं, और मंत्रिमंडलीय समितियों की मदद करता हैं।
- मुख्य सचिव राज्य सिविल सेवाओं का अध्यक्ष होते हुए लोक सेवकों के तबादलों और तैनाती का निर्णय लेते हैं।
- मुख्य सचिव राज्य सचिवालय विभागों का मुख्य समन्वयकर्ता होते हुए विभिन्न विभागों के बीच सहयोग तथा समन्वय स्थापित करने के लिए उपाय करते हैं।
- मुख्य सचिव समितियों की अध्यक्षता करते हैं, और अन्य समितियों के सदस्य होते हुए सभी मामलों की देखरेख करते हैं, जो अन्य सचिवों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते।

प्रमंडलीय प्रशासन

- राज्य में नौ प्रमंडल हैं, जिनके अध्यक्ष प्रमंडलीय आयुक्त होते हैं।
- प्रमंडलीय आयुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुभवी अधिकारी होते हैं।
- आयुक्त की जिम्मेदारियों में जिलाधिकारियों के विधि-विकास कार्यों की पर्यवेक्षा, न्यायालयों के कार्य आदि शामिल होते हैं।
- आयुक्त के सहायक अधिकारी अपर जिला दंडाधिकारी, एक उप- निदेशक (खाद्य), एक उप-निदेशक (पंचायती राज) और अपर जिला दंडाधिकारी (फ्लाइंग स्कॉड) होते हैं।
- **बिहार में नौ प्रमंडल हैं**- 1. मगध 2. पटना 3. मुंगेर 4. भागलपुर 5. सारण 6. पूर्णिया 7 तिरहुत 8. कोशी 9. दरभंगा।

जिला प्रशासन

- जिले में जिलाधिकारी प्रशासन का प्रमुख होता है, और वह विभिन्न पदों में कार्यभार संभालता हैं।
- जिलाधिकारी के प्रमुख कार्यों में भू-राजस्व वसूली, कैनाल और अन्य शुल्कों की वसूली, राजकीय ऋणों की वसूली और राष्ट्रीय विपदाओं का मूल्यांकन और सहायता कार्य शामिल होते हैं।
- जिलाधिकारी का कार्य स्टांप एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन, सामान्य और विशेष भूमि अर्जन, जमींदारी बॉण्ड्स के भुगतान, भू-अभिलेखों का संचित रखरखाव, भूमि पंजीकरण का कार्य और सांख्यिकी संबंधी रिकॉर्ड रखना भी उनके प्रमुख कार्य में शामिल हैं।

जिलाधिकारी के रूप में प्रमुख कार्य

- राज्य सरकार के आदेशों का क्रियान्वयन करना
- जिला कोषागार का प्रबंध करना
- प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना
- चरित्र प्रमाण पत्र एवं नागरिकता संबंधी प्रमाण-पत्र निर्गत करना
- अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों, सैनिकों और भूमिहीनों के लिए भूमि बंदोबस्त संबंधी कार्य करना
- जिला समाहरणालय में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करना
- कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के पेंशन संबंधी मामलों का निष्पादन करना
- जिला स्तरीय समितियों की अध्यक्षता और नियमित बैठकों का आयोजन करना
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति के जिला भ्रमण दौरों पर सुरक्षा प्रबंध करना
- केंद्र अथवा राज्य के मंत्रियों के जिले में आगमन पर सुरक्षा प्रबंध करना
- जिला स्तर के सभी अधिकारियों पर बजट नियंत्रण रखना
- सामान्य नागरिकों की शिकायतों को सुनकर उन पर आवश्यक कार्रवाई करना, जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए शिक्षा पदाधिकारियों का निरीक्षण करना, जिले में मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति के संबंध में निगरानी करना, ये सभी अनुमंडल / प्रखंड / ग्रामीण स्तर के मुख्य कार्य हैं।

जिलाधिकारी का दंडाधिकारी के रूप में प्रमुख कार्य

- पर्व, त्योहार और विशेष व्यक्ति की सुरक्षा में दंडाधिकारी की तैनाती करना
- अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग के लोगो को प्रमाण-पत्र देना।
- अशांति, हिंसा और दंगों की स्थिति में सेना का प्रभावित क्षेत्र में फ्लैग मार्च कराना
- बिगड़ती न्याय व्यवस्था के नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाना, कर्फ्यू लगाना आदि
- अधीनस्थ कार्यपालक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करना

- जेलों का औचक अथवा पूर्व निरीक्षण करना .
- बंदियों को व्यवहार के आधार पर श्रेणी देना अथवा पेरोल पर छोड़ना
- अपराधों की वार्षिक रिपोर्ट राज्य सरकारों को सौंपना
- जिलो के अंतर्गत सभी थानों का वार्षिक निरीक्षण करना
- आपदा, दुर्घटना, उग्रवादी गतिविधियों में पीड़ितों को मुआवजा देना
- जिला स्तर के विभिन्न चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराना
- जनगणना संबंधी कार्य पूर्ण कराना आदि।
- जिलाधिकारी का प्रमुख दायित्व है कि वह पुलिस विभाग के पुलिस अधीक्षक, वन विभाग के वन पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहकारी विभाग के सहायक निबंधक, कृषि विभाग के जिला कृषि पदाधिकारी, खनन विभाग के सहायक खनन पदाधिकारी, चिकित्सा विभाग के सिविल सर्जन, निबंधन विभाग के सहायक निबंधक, उद्योग विभाग के जिला उद्योग पदाधिकारी, उत्पाद विभाग के अधीक्षक और आपूर्ति विभाग के जिला आपूर्ति पदाधिकारी से समन्वय करे ।
- जिलाधिकारी जिले का प्रमुख होता है, जो अपनी पूर्ण क्षमता और अधिकारों के साथ जिले के नागरिकों और राज्य सरकार के बीच संवाद का कार्य करता है, तथा सुविधा- सेतु उपलब्ध कराने का भी जिम्मा उठाता है।
- बिहार में 38 जिले हैं- 1. गया 2. औरंगाबाद 3 नवादा 4. जहानाबाद 5. अरवल 6. पटना 7. नवादा 8. भोजपुर 9. बक्सर 10. रोहतास 11. कैमूर 12. मुंगेर 13. बेगुसराय 14. शेखपुरा 15. लखीसराय 16. जमुई 17. खगड़िया 18. भागलपुर 19. बांका 20. सारण 21. सीवान 22. गोपालगंज 23. पूर्णिया 24. अररिया 25. किशनगंज 26. कटिहार 27. मुजफ्फरपुर 28 सीतामढ़ी 29. शिवहर 30. वैशाली 31. पूर्वी चम्पारण 32. पश्चिमी चम्पारण 33. सहरसा 34 सुपौल 35. मधेपुरा 36. दरभंगा 37. मधुबनी 38 समस्तीपुर

अनुमंडल प्रशासन

- बिहार में 101 अनुमंडल है, जिनके अंतर्गत क्षेत्रीय प्रशासन आता है।
- अनुमंडल प्रशासन का प्रमुख पदाधिकारी अनुमंडल अधिकारी (एस.डी.एम.) होता है।
- यह पद भारतीय प्रशासनिक सेवा या राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को सौंपा जाता है।
- बिहार के अनुमंडल प्रशासन में दोनों प्रकार के पदाधिकारी हैं। ये पदाधिकारी भी अपने क्षेत्र में जिलाधिकारी की भाँति ही कई भूमिकाओं का निर्वाह करते हैं।
- इनकी मुख्य भूमिका राजस्व, कानून और न्याय से संबंधित कार्यों में होती है। वे विकास से संबंधित योजनाओं के निगरानी और क्रियान्वयन का भी काम करते हैं।
- ये पदाधिकारी कृषि और भूमि से संबंधित राजस्व वसूलने के लिए जिम्मेदार होते हैं और अंचलाधिकारियों के आदेशों के खिलाफ अपील सुनने का काम भी करते हैं।
- पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियंत्रण और आदेश जारी करता है।
- क्षेत्र में शस्त्र आवेदनों पर सलाह देते हुए शस्त्रों का वार्षिक निरीक्षण किया जाता है, साथ ही क्षेत्र में आने वाले जिला/राज्य/केंद्र के विशेष व्यक्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था भी की जाती है।
- वर्तमान में बिहार में 534 प्रखंड है।
- जिला प्रशासन के बाद प्रखंड प्रशासन होता है, जिसमें अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी इत्यादि पदनामित पदाधिकारी होते हैं।
- अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास अधिकारी प्रखंड प्रशासन में प्रमुख कार्य संबंधी पद होते है।

अंचलाधिकारी एवं उसके कार्य

- अंचलाधिकारी का पद राज्य प्रशासनिक सेवा या अन्य सेवाओं से प्रमोट हुए पदाधिकारी को दिया जाता है।
- इसके अंतर्गत भू-राजस्व, भू-अभिलेख, विधि व्यवस्था का संचालन, चुनाव, जनगणना, कृषि सांख्यिकी, आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र जारी करना, पर्व-त्योहारों में शांति व्यवस्था, सौहार्द बनाने और विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा का प्रबंधन करना, राज्य में आदिवासियों के भूमि संबंधी अधिकारों की सुरक्षा करना, समाज कल्याण के सभी कार्यों का संचालन करना, आपदा दुर्घटना, दंगा पीड़ित लोगों के मुआवजे का आकलन और मुआवजा देने का कार्य आदि अंचलाधिकारी के ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम लक्ष्यों में शामिल हैं।

प्रखंड विकास अधिकारी एवं उसके कार्य

- प्रखंड के विकास के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी अथवा राज्य कृषि सेवा के अधिकारियों को सौंपा जाने वाला पद है।
- यह अधिकारी प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारियों के बीच सहयोगी और समन्वयक की भूमिका निभाता है।
- भारत सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करना, स्वरोजगार से संबंधित आवेदनों का समीक्षण करना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को लागू करना इस का मुख्य कार्य है।

बिहार के प्रमंडल, जिले एवं अनुमंडल		
क्र.सं.	**प्रमंडल**	**जिला**
1.	पटना	पटना
		नालंदा
		रोहतास
		भभुआ (कैमूर)
		भोजपुर (आरा)
		बक्सर
2.	मगध	गया
		जहानाबाद
		अरवल
		नवादा
		औरंगाबाद
3.	सारण (छपरा)	सारण (छपरा)
		सीवान
		गोपालगंज
4.	मुजफ्फरपुर	मुजफ्फरपुर
		सीताबढ़ी
		शिवहर
		पं.चंपारण (बेतिया)
		पू.चांपारण
		वैशाली
5.	दरभगा	दरभगा
		मधुबनी
		समस्तीपुर
6.	कोसी (सहरसा)	सहरसा
		सुपौल
		मधेपुरा
7.	पूर्णिया	पूर्णिया
		अररिया
		किशनगंज
		कटिहार
8.	भागलपुर	भागलपुर
		बाँका
9.	मुंगेर	मुंगेर
		लखीसराय
		जमुई
		खगड़िया
		शेखपुरा
		बेगूसराय

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. राज्य की कार्यपालिका में सम्मिलित होती है-
   (a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
   (c) मंत्रिपरिषद् (d) उपरोक्त सभी
2. राज्य के मंत्रिपरिषद् सामूहिक तौर पर किसके प्रति उत्तरदायी है?
   (a) विधानसभा (b) मुख्यमंत्री
   (c) राज्यपाल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
3. राज्य की कार्यपालिका शक्ति निहित होती है-
   (a) राज्यपाल में (b) मुख्यमंत्री में
   (c) मंत्रीपरिषद् में (d) उपर्युक्त में कोई नहीं
4. राज्य प्रशासन का वैधानिक प्रधान होता है-
   (a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
   (c) मंत्री (d) उपर्युक्त में कोई नहीं
5. राज्य की राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?
   (a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
   (c) भारत के गृहमंत्री (d) राज्य के मुख्यमंत्री
6. राज्यपाल की पद पर नियुक्ति के लिए योग्यता या अहर्ता है-
   (a) वह भारत का नागरिक हो
   (b) पैतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो
   (c) वह लाभ के किसी पद पर आसीन नहीं हो
   (d) उपर्युक्त सभी
7. राज्य की राज्यपाल को उसके पद से हटाने की शक्ति प्राप्त हैं-
   (a) प्रधानमंत्री को (b) राष्ट्रपति को
   (c) भारत के गृहमंत्री का (d) राज्य के मुख्यमंत्री को
8. राज्य के राज्यपाल को किसे नियुक्ति करने की शक्ति प्राप्त है ?
   (a) राज्य की महाधिवक्ता
   (b) अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायाधीशों की
   (c) राज्य लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष तथा सदस्यों की
   (d) उपर्युक्त सभी को
9. राज्य के राज्यपाल के सम्बन्ध में कौन-सी कथन गलत है ?
   (a) राज्यपाल सामान्यत: पाँच वर्ष के लिए नियुक्त किया जाता है, परन्तु अनुच्छेद 156 के अन्तर्गत उसका कार्यकाल राष्ट्रपति की कृपा पर निर्भर करता है।
   (b) राज्यपाल को महाभियोग की विधि से भी हटाया जा सकता है।
   (c) राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है।
   (d) राज्यपाल विधानसभा में आंग्ल भारतीय समुदाय के एक सदस्य का मनोनयन करता है
10. राज्य का समूचा प्रशासन किसके नाम से चलाया जाता है ?
    (a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
    (c) मंत्रीपरिषद् (d) मुख्य सचिव
11. राज्य के मंत्री परिषद् के सदस्यों यानी राज्य के मंत्रियों की नियुक्ति कौन करता है ?
    (a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
    (c) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
    (d) प्रधानमंत्री
12. राज्य के राज्यपाल को उसकी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है-
    (a) मुख्यमंत्री
    (b) राष्ट्रपति
    (c) राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
    (d) प्रधानमंत्री
13. मुख्यमंत्री अपना इस्तीफा सौंपता है ?
    (a) प्रधानमंत्री को
    (b) विधानसभा के अध्यक्ष को
    (c) राज्यपाल को
    (d) राष्ट्रपति को
14. राज्यपाल अपना इस्तीफा सौंपता है-
    (a) राष्ट्रपति को (b) प्रधानमंत्री को
    (c) देश के गृहमंत्री को (d) मुख्यमंत्री को
15. राज्य के विधानमंडल के अंग होते हैं-
    (a) राज्यपाल (b) विधानपरिषद्
    (c) विधानसभा (d) उपर्युक्त सभी
16. बिहार विधानमंडल में सम्मिलित है-
    (a) राज्यपाल (b) विधान परिषद्
    (c) विधानसभा (d) उपर्युक्त सभी
17. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार बिहार में द्विसदनात्मक विधानमंडल की व्यवस्था की गई है ?
    (a) 167 (b) 168
    (c) 169 (d) 170
18. राज्य की विधानसभा की अवधि होती है-
    (a) 5 वर्ष का (b) 6 वर्ष का
    (c) 4 वर्ष का (d) 3 वर्ष का
19. राज्य की विधानपरिषद् की अवधि कितने वर्षों का होता है ?
    (a) 6 वर्ष (b) 5 वर्ष
    (c) 4 वर्ष (d) इसका विघटन नहीं होता है
20. वह भारतीय नागरिक राज्य की विधानसभा का सदस्य बन सकता है जिसकी आयु कम-से-कम-
    (a) 25 वर्ष हो (b) 30 वर्ष हो
    (c) 18 वर्ष हो (d) 21 वर्ष हो
21. वह भारतीय नागरिक राज्य की विधान परिषद् का सदस्य बन सकता है जिसकी आयु कम-से-कम-
    (a) 25 वर्ष हो (b) 30 वर्ष हो
    (c) 35 वर्ष हो (d) 21 वर्ष हो
22. कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय कौन करता है-
    (a) राज्यपाल (b) राज्य विधानसभा के अध्यक्ष
    (c) राज्य विधानपरिषद् के अध्यक्ष
    (d) मुख्यमंत्री
23. बिहार विधानपरिषद् में सदस्यों की संख्या है-
    (a) 103 (b) 75
    (c) 36 (d) 78

24. निम्नलिखित राज्यों में कहाँ विधान परिषद् है?
(a) केरल (b) हिमाचल प्रदेश
(c) दिल्ली (d) बिहार

25. किसी राज्य में विधान परिषद् को संरचना अथवा विघटन किया जा सकता है-
(a) उस राज्य की विधानसभा द्वारा
(b) संसद द्वारा
(c) संसद द्वारा राज्यपाल की अनुशंसा पर
(d) राष्ट्रपति द्वारा, राज्यसभा की अनुशंसा पर

26. बिहार विधानसभा में अनुसूचित जनजाति वर्गों के लिए कितने सीटे आरक्षित हैं ?
(a) 5 (b) 6
(c) 1 (d) 2

27. बिहार विधान सभा में अनुसूचित जाति के लिए कितने सीटें आरक्षित हैं ?
(a) 38 (b) 40
(c) 35 (d) 43

28. बिहार विधान सभा के नवनिर्मित भवन में कब पहली बैठक हुई।
(a) 19 जनवरी 1920 (b) 7 फरवरी, 1921
(c) 8 जुलाई, 1922 (d) 15 अगस्त, 1950

29. बिहार विधान परिषद् की प्रथम बैठक कब हुई थी ?
(a) 7 फरवरी, 1921 (b) 8 जुलाई, 1913
(c) 20 जनवरी, 1913 (d) 9 अगस्त, 1912

30. बिहार विधान परिषद् में महिलाओं को मताधिकार दिए जाने संबंधी विधेयक कब पारित हुआ ?
(a) 21 फरवरी, 1913 (b) 21 फरवरी, 1922
(c) 19 फरवरी, 1914 (d) 22 नवम्बर, 1921

31. बिहार विधान परिषद् में 75 सीटें है, जिसकी संरचना है-
(a) बिहार विधान परिषद् में 27 सदस्य बिहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से, 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 6 स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से, 24 स्थानीय प्राधिकार से तथा 12 मनोनीत सदस्य
(b) 30 बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से, 6 शिक्षक स्नातक क्षेत्र से 6 शिक्षक निर्वाचक क्षेत्र से, 21 स्थानीय प्राधिकार से तथा 12 मनोनीत सदस्य
(c) 27 सदस्य बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से 5 स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 8 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 22 स्थानीय प्राधिकार से और 12 मनेनीत सदस्य
(d) इनमें से कोई नहीं

32. पटना उच्च न्यायालय की स्थापना हुई-
(a) 9 फरवरी 1916 को (b) 9 फरवरी 1917 को
(c) 19 फरवरी 1917 को (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

33. पटना उच्च न्यायालय का स्थायी बेंच है-
(a) भागलपुर (b) मुजफ्फरपुर
(c) गया (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

34. राज्य के उच्च न्यायालय के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है?
(a) उसके आरंभिक क्षेत्राधिकार में संविधान की व्याख्या तथा नागरिकों की सुरक्षा सम्बन्धी मामले आते हैं
(b) अपील क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत उच्च न्यायालय मूलरूप से एक अपील सुनने वाला न्यायालय होता है।
(c) प्रशासकीय क्षेत्रधिकार में राज्य के सभी अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण तथा नियंत्रण शामिल है
(d) उपर्युक्त सभी

35. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है-
(a) राष्ट्रपति (b) राज्यपाल
(c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

36. राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अवकाश ग्रहण की आयु है-
(a) 62 वर्ष (b) 60 वर्ष
(c) 58 वर्ष (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

37. राज्य का प्रथम विधि अधिकारी कौन होता है-
(a) महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल)
(b) महान्यायवादी
(c) राज्यपाल
(d) राज्य का विधि मंत्री

38. राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है-
(a) राष्ट्रपति (b) राज्यपाल
(c) मुख्यमंत्री (d) राज्य का विधि मंत्री

39. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है ?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) राज्यपाल (d) मुख्यमंत्री

40. राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्ष और सदस्यों की सेवानिवृत्ति की उम्र है ?
(a) 60 वर्ष (b) 62 वर्ष
(c) 65 वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

41. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों को संवैधानिक प्रक्रिया द्वारा कौन हटा सकता है ?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) राज्यपाल (d) मुख्यमंत्री

42. बिहार लोक सेवा आयोग की स्थापना हुई थी ?
(a) 1 अप्रैल 1949 (b) 1 अप्रैल 1950
(c) 1 अप्रैल 1952 (d) 1 जून 1950

43. बिहार में पंचायती राजव्यवस्था
(a) त्रिस्तरीय (b) पांचस्तरीय
(c) एक स्तरीय (d) दो स्तरीय

44. बिहार में पंचायती राज व्यवस्था त्रिस्तरीय है। इसके सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है।
(a) सबसे निचले स्तर पर ग्राम पंचायत का गठन किया जाएगा जो गाँव की स्तर की होगी
(b) मध्य स्तर पर पंचायत समिति होगी जिसका गठन प्रखण्ड स्तर पर होगा
(c) सबसे उच्च स्तर पर या तृतीय स्तर पर जिला परिषद् का गठन किया जाएगा
(d) उपर्युक्त सभी

45. बिहार में ग्राम पंचायत के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है?
(a) ग्राम पंचायत का गठन प्रत्येक 7000 व्यक्तियों की आबादी पर किया जाएगा
(b) प्रत्येक 500 आबादी पर ग्राम पंचायत के लिए एक सदस्य के प्रत्यक्ष चुनाव का प्रावधान है
(c) ग्राम पंचायतों का सर्वोच्च पदाधिकारी मुखिया होगा
(d) उपर्युक्त सभी

46. बिहार में पंचायत समिति का गठन प्रखण्ड स्तर पर होगा। पंचायत समिति के एक सदस्य का चयन होगा-
(a) 5,000 की आबादी पर (b) 3,000 की आबादी पर
(c) 7,000 की आबादी पर (d) 4,000 की आबादी पर

47. बिहार में जिला स्तर पर जिला परिषद् का गठन किया गया है। जिला परिषद् के एक सदस्य का चुनाव कितने की आबादी पर होगा ?
(a) 50,000 (b) 30,000
(c) 70,000 (d) 25,000

48. बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों के स्थानों या पदों में सभी कोटियों में महिलाओं को कितने प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है ?
(a) 33% (b) 50%
(c) 35% (d) 40%

49. बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 के अन्तर्गत पंचायतों में अति पिछड़े वर्ग (O.B.C) को कितने प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है
(a) 33% (b) 20%
(c) 27% (d) 25%

50. बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 से सम्बन्धित कौन सा कथन सही है ?
(a) इसके आलोक में बिहार योजना समिति का गठन एवं कार्य संचालन नियमावली 2006 का गठन
(b) बिहार ग्राम कचहरी संचालन नियमावली 2007
(c) बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र (नियोजन एवं सेवाशर्त) 2007
(d) उपर्युक्त सभी

51. वर्ष 2021 में बिहार में पंचायती राज का चुनाव कितने चरणों में सम्पन्न हुआ ?
(a) 4 (b) 11
(c) 7 (d) 10

52. बिहार में वर्ष 2021 में पंचायत चुनाव करवाने का निर्णय किसके द्वारा लिया गया ?
(a) केंद्र सरकार (b) चुनाव आयोग
(c) राज्य सरकार (d) उच्च न्यायालय

53. ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है ?
(a) सम्बद्ध पंचायत का सरपंच
(b) संबद्ध पंचायत का मुखिय
(c) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
(d) इनमें से कोई नहीं

54. ग्राम पंचायत का कोई सदस्य स्वयं लिखकर अपनी सदस्यता से त्यागपत्र किसे देता है ?
(a) जिला पंचायत पदाधिकारी को
(b) जिलाधिकारी को
(c) प्रखण्ड प्रमुख को (d) ग्राम पंचायत के मुखिया

55. बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 में ग्राम पंचायत के बैठक के संबंध में कौन-सा कथन गलत है ?
(a) ग्राम पंचायत की बैठक मुखिया द्वारा बुलाई जाएगी
(b) ग्राम पंचायत की बैठक दो माह में कम-से-कम एक बार होगी
(c) मुखिया जब भी उचित समझे तब और ग्राम पंचायत के सदस्यों की संख्या के कम से कम एक तिहाई सदस्यों के या लिखित अनुरोध पर ऐसा अनुरोध प्राप्त होने की तिथि से पन्द्रह दिनों की भीतर किसी तिथि को ग्राम पंचायत की विशेष बैठक बुलाएगा
(d) मुखिया को विशेष बैठक बुलाने का अधिकार नहीं है।

56. मुखिया को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाए जाने के लिए ग्राम पंचायत के मतदाताओं की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?
(a) जिलाधिकारी (b) जिला परिषद् के अध्यक्ष
(c) जिला पंचायत पदाधिकारी (d) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी

57. बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 में दो ग्राम सभा की बैठकों के बीच अधिकतम कितनी अवधि निर्धारित है ?
(a) 30 दिन (b) 60 दिन
(c) तीन महीने (d) चार महीने

58. पंचायत समिति के संबंध में कौन-सा कथन गलत है ?
(a) प्रत्येक प्रखण्ड के लिए एक पंचायत समिति होगी।
(b) पंचायत समिति की कार्यावधि उसकी पहली बैठक की निर्धारित तिथि से अगले पाँच वर्षों तक की होगी, इससे अधिक नहीं
(c) पंचायत समिति दो माह में कम-से-कम एक बार बैठक करेगी
(d) सरकार पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में किसी भी राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति कर सकता है

59. जिला परिषद् के संबंध में कौन-सा कथन गलत है ?
(a) जिला परिषद् की कार्यावधि उसकी पहली बैठक की निर्धारित तिथि से अगले पाँच वर्षों तक की होगी इससे अधिक नहीं

(b) जिला परिषद् की बैठक प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार होगा
(c) जिला परिषद् के अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा नहीं हटाया जा सकता है
(d) जिला परिषद् का निर्वाचित सदस्य जिला परिषद् के अध्यक्ष को त्यागपत्र देकर अपनी सदस्यता को त्याग कर सकता है

60. जिला परिषद् अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे दे सकता है ?
(a) जिला दंडाधिकारी को (b) पंचायती राज मंत्री को
(c) जिला परिषद् उपाध्यक्ष को (d) राज्यपाल को

61. ग्राम कचहरी के संबंध कौन से तथ्य सही है ?
(a) प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक ग्राम कचहरी होगा
(b) सरपंच ग्राम कचहरी और उसके पीठों का अध्यक्ष होगा
(c) ग्राम कचहरी यदि किसी विधि के अधीन समय से पहले उसे विघटित न कर दिया जाए तो अपनी प्रथम बैठक के नियत तारीख से पाँच वर्षों की अवधि तक बनी रहेगी
(d) उपरोक्त सभी

62. सरपंच और उप-सरपंच किसे स्वलिखित आवेदन देकर अपना पद त्याग सकता है ?
(a) जिलाधिकारी को
(b) जिला पंचायत पदाधिकारी को
(c) मुखिया को
(d) जिला परिषद् के अध्यक्ष को

63. अपील की सुनवाई में ग्राम कचहरी में न्यूनतम पंचों की गणिपूर्ति क्या होनी चाहिए ?
(a) पाँच (b) सात
(c) तीन (d) नौ

64. जिला योजना समिति का सभापति होता है-
(a) जिला परिषद् का अध्यक्ष
(b) जिलाधिकारी
(c) मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
(d) जिला पंचायत पदाधिकारी

65. बिहार में राष्ट्रपति शासन प्रथम बार कब लागू किया गया ?
(a) 26 जून 1968 को (b) 4 जुलाई 1969 को
(c) 26 जून 1972 को (d) 9 जुलाई 1972 को

66. बिहार में पहली बार राष्ट्रपति शासन 26 जून 1968 को लागू किया गया। उस समय बिहार के राज्यपाल थे-
(a) आर० आर० दिवाकर (b) नित्यानंद कानूनगो
(c) देवकांत बरुआ (d) जगन्नाथ कौशल

67. बिहार में अब तक कुल कितने बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है ?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

68. बिहार में अंतिम बार कब राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है ?
(a) 23 मई 2005 (b) 7 मई 2005
(c) 23 मार्च 2005 (d) 7 मार्च 2005

69. बिहार में अंतिम बार 7 मार्च 2005 को राष्ट्रपति शासन लागू किया था । उस समय बिहार के राज्यपाल थे-
(a) आर० एस० गवई (b) गोपाल कृष्ण गाँधी
(c) श्री बूटा सिंह (d) श्री रामा जोयस

70. बिहार में सबसे कम अवधि के लिए कब राष्ट्रपति शासन लागू हुआ ?
(a) 1969 में पंद्रह दिनों के लिए
(b) 1998 में छः दिनों के लिए
(c) 1995 में 7 दिनों के लिए
(d) 1999 में 1 माह के लिए

71. बिहार में 7 मार्च 2005 को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया-
(a) राज्यपाल द्वारा (b) प्रधानमंत्री द्वारा
